### पर्व को लेकर मिष्ठान दुकानों में तैयार की जा रही बड़ी मात्रा में मिठाईयां

# दूसरे जिलों से पहुंच रहा खोवा, नकली व मिलावटी की जांच करने फुर्सत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आ गया है। रक्षाबंधन पर्व को लेकर महज अब एक दिन का समय बचा है। ऐसे मे मिष्ठान कारोबारियों के द्वारा मिठाई बनवाने का काम जोरशोर से किया जा रहा है। क्षेत्र में मिष्ठान कारोबारियों के यहां बाहर से बेरोकटोक मावा आ रहा है लेकिन शुद्धता की परख नहीं हो पा ही है। खाद्य खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जांच करने में बेपरवाही की जा रही है। मिलावटी व नकली मावा की मिठाईयों का सेवन करने से आमजनों की सेहत पर विपरीत असर पड़ सकता है।

बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत स्लीमनाबाद, बाकल,बहोरीबंद व कुआँ मैं बड़े मिष्ठान कारोबारी है जिनके द्वारा बड़ी मात्रा मे रक्षाबंधन पर्व पर मिष्ठान बनवाने खोवा का स्टॉक किया गया है। खोबा दूसरे जिलों से बेरोकटोक आ रहा है। बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे जबलपुर व दमोह जिले से खोबा की सप्लाई होने की जानकारी मिल रही है। खोबा में मिलावट है या नही, बिना किसी शुद्धता की परख किये बिना धड़ल्ले से मिठाई बनवाने का काम जारी है। मावा से मिठाईयां तैयार उन्हें फ्रेजर में सुरक्षित रख दिया जाता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी न तो मिष्ठान दुकानों में पहुंचकर जांच सेम्पल ले रहे हैं और न ही बाहर से आ रहे मावा की जांच की जा रही है। क्षेत्र मे खुली दूध डेयरियों पर कितना मिलावटी का कार्य चल रहा है इस ओर भी देखने की फुर्तत जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं है।



स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे सड़क किनारे संचालित मिष्ठान दुकानों में सुरक्षा के लिए भी कुछ नहीं है। उसमें डस्ट और विभिन्न प्रकार के कण प्रवेश कर जाते है। वहीं सामग्री आमजनों को विक्रय हो जाती है। सप्ताह भर से अधिक समय की मिठाइयों को काउंटरों पर ताजा बताकर बेचा जा रहा है। साथ ही बहोरीबंद ,बाकल व कुआँ क्षेत्र मे भी दर्जनों स्थानों पर मिठाइयों की दुकानें संचालित हो रही है, लेकिन जांच के नाम पर इतिश्री की जा रही है।

#### स्वास्थ्य पर विपरीत असर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद अहिरवार ने बताया कि मिलावट मिठाइयों के सेवन करने से शरीर पर बुरा असर पड़ता है। उल्टी दस्त के साथ हदय पर असर पड़ता है। घर की बनाई हुई मिठाइयों को खाए। बाहर की मिठाइयों को लेने से परहेज करें।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि विकासखण्ड क्षेत्र में यदि बाहर से खोवा की आवक हो रही है तो इसपर नजर रखी जायेगी। साथ ही विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत संचालित मिष्ठान दुकानों का खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से निरीक्षण कराया जाएगा। मिलावट खोरो के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी।

## झाड़ियों में छिपे बाघ ने युवक पर किया हमला, थम गई सांसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बाघ द्वारा एक युवक पर हमला कर दिया गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना बरही वन परिक्षेत्र के बिचपुरा बीट में हुई। बाघ के हमले की घटना से की जानकारी फैलते ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है। मामले की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र सिंह पिता सुरेश सिंह 22 साल निवासी बिचपुरा गुरुवार की दोपहर करीब 2 बजे मवेशियों को जंगल में चराने गया था। झाड़ियों में छिपे बाघ ने उस पर हमला कर दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। मामले की सूचना पर वन विभाग के रंजर गोविंद नारायण शुक्ला टीम के साथ मौके पर पहुंचे हैं। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरही अस्पताल भेज गया। पंचनामा करवाई उपरांत मामले की जांच पड़ताल की जा रही हैं। बताया जाता है कि बिचपुरा बीट में बाघ ने एक मवेशी का शिकार किया था। मवेशियों को चराते हुए युवक वहां पहुंच गया इसी बीच झाड़ियां में छिपे बाघ ने अचानक युवक पर हमला कर दिया जिससे घटनास्थल पर उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

## हाईवे सड़क हादसे में नर्स की हुई मौत

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर पड़ुआ मोड़ के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक प्राइवेट अस्पताल में काम करने वाली नर्स की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि प्रीती कुशवाहा नामक नर्स रोज की तरह काम पर शहर की ओर आ रही थी। उसीदौरान पड़ुआ मोड़ के समीप किसी वाहन में उसे अपनी चपेट में लेकर बुरी तरह कुचल दिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया।



### खबर संक्षेप

#### आधार ई-केवाईसी नहीं होनें पर पेंशन हो सकती है बंद

**कटनी।** नगर निगम के योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय नें नगर निगम सीमान्तर्गत समस्त पेंशन हितग्राहियों को सूचित करते हुए कहा है कि ऐसे पेंशन हितग्राही जिन्होंने अब तक समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी नहीं कराई है वे तत्काल एम.पी. ऑनलाइन, नगर निगम जोनल कार्यालय अथवा नगर निगम कार्यालय से संपर्क करते हुए समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नगर निगम की पेंशन शाखा कक्ष क्रमांक 42 में संपर्क किया जा सकता है। योजना प्रभारी नें जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मंत्रालय द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को पृथक करने हेतु समस्त हितग्राहियों की ई-केवायसी अनिवार्य कर दी गई है। ऐसी स्थिति में शासन द्वारा समस्त हितग्राहियों 31 अगस्त 2025 के पूर्व ई-केवायसी करानें हेतु सूचित करनें का निर्णय लिया गया है। आधार ई-केवायसी नहीं कराए जाने की वजह से किसी भी पेंशन हितग्राही की पेंशन बंद (होल्ड) होने पर इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी स्वयं हितग्राही की होगी।

#### जिले में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं

**कटनी।** जिलें में स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता और स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में जन-जन को शामिल करने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित करने का निर्णय लिया है। हर घर तिरंगा अभियान 15 अगस्त तक निरंतर चलेगा। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कहा है कि इस वर्ष की थीम स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के बेहतर स्वच्छता के संकल्प को इससे बल मिलेगा। अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने से राष्ट्रभक्ति का भाव सशक्त होता है। सभी नागरिकों के प्रयासों से कटनी जिला इस अभियान को सफलता पूर्वक संचालित करने में अग्रणी रहेगा। कलेक्टर श्री यादव ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक गांव और प्रत्येक वार्ड में राष्ट्र भक्ति के वातावरण के निर्माण और तिरंगे पर केन्द्रित गतिविधियों में व्यापक सहभागिता निभाएं। भारत सरकार द्वारा 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ घर और कार्यालय के साथ वाहनों पर तिरंगा लगाने के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गए हैं। अभियान में 13 से 15 अगस्त के मध्य राष्ट्र ध्वज फहराने की सेल्फी सरकार द्वारा निर्धारित वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था की गई है।

#### बीमारियों की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव

**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा वर्षा ऋतु में डेंगू एवं मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर दवा छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है। विगत दो तीन दिवस से वर्षा नहीं होने के कारण संक्रमित बीमारियों के प्रसार की संभावना को देखते हुए यह अभियान सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है। नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा की टीम द्वारा अभियान चलाकर नगर के विभिन्न वार्डों की नालियों, जलभराव वाले क्षेत्रों, बस्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लार्वा नाशक दवाओं का छिड़काव निरंतर किया जा रहा है। साथ ही फॉगिंग मशीन के माध्यम से भी धुएँ का छिड़काव कर मच्छरों को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे ने बताया कि नगर निगम संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए पूरी तरह से सजग है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने आसपास पानी एकत्र न होने दें, कूलर, टंकियों की समय-समय पर सफाई करें।

## बहोरीबंद विकासखण्ड की 79 पंचायतों में रक्षाबंधन ओर सावन उत्सव का आयोजन

*लाडली बहनों के खातों में पहुंची राशि, सीएम के कार्यक्रम को भी देखा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद

भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षा बंधन 9 अगस्त को मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार 7 अगस्त क़ो राजगढ़ जिले के नरसिंह गढ़ मे आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम मे लाडली बहनों के साथ रक्षा बंधन का पर्व मनाया। रक्षा बंधन पर्व मनाने को लेकर बहोरीबंद विकासखण्ड की 79 ग्राम पंचायतो मैं रक्षा बंधन ओर सावन उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां नरसिंह गढ़ में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया।मुख्यमंत्री ने लाडली बहनों के साथ रक्षा बंधन पर्व मनाया।मुख्यमंत्री ने जैसे लाडली बहनों के लिए उपहार मैं अनेक सौगाते दी,लाडली बहना खुशी से झूम उठी। मुख्यमंत्री ने राखी के पावन त्यौहार से पहले बहनों पर जमकर प्यार बरसाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडली बहनो के खातों मे 1500 रूपये भेजे गए है जिसमें 1250 रूपये लाडली बहना क़ो हर माह मिलने वाली राशि है साथ इस बार रक्षाबंधन पर्व के चलते 250 रूपये राखी सगुन स्वरूप दिए गए जिससे लाडली बहना उमंग व उत्साह के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मना सके।



बहोरीबंद विकासखण्ड की 79 ग्राम पंचायतों मैं उमंग व उत्साह के साथ लाडली बहना उत्सव मनाया गया। ग्राम पंचायतो मैं लाडली बहनों ने मंगल कलश सजाकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की ।लाडली बहनों ने मुख्यमंत्री के द्वारा दी गई सौगातो पर धन्यवाद दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग बहोरीबंद परियोजना अधिकारी सतीश पटेल ने बताया कि बहोरीबंद विकासखंड मे वर्तमान मे 40 हजार 644 लाडली बहना है। इस दौरान आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओ व महिलाओ ने राखी बाँधी।

### न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को दी महत्वपूर्ण जानकारियां




मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पत्र के पालन में अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला कटनी के जितेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी तहसील ढीमरखेड़ा पदमा पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। छात्र – छात्राओ को बालकों के लैंगिक संरक्षण अधिनियम एवं कानून के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। विधिक साक्षरता शिविर में बाल विवाह के संबंध में एवं गुड टच, बैंड टच के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

## आपदा प्रभावितों को राहत राशि का अंतरण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

मानसून के दौरान जिले में प्राकृतिक आपदाओं और भारी बारिश से प्रभावित हुए लोगों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 8 अगस्त को प्रातः 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'सिंगल क्लिक' के माध्यम से राहत राशि का अंतरण करेंगे। यह राशि जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति और अन्य नुकसान के लिए दी जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में कटनी कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सांसद, सभी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित जिला स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। साथ ही चयनित हितग्राहियों को बुलाया जाएगा, जहां वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रभावित हितग्राहियों से सीधे बातचीत भी करेंगे। वेबलिंक के माध्यम से भी लोग लाइव जुड़ सकते हैं। कलेक्टर श्री यादव ने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर इस कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये हैं।

### कैमोर और विजयराघवगढ़ नगर परिषदों में अध्यक्ष पद के निर्वाचन 8 को

**कटनी।** कैमोर एवं विजयराघवगढ़ नगर परिषदों में इस्तीफे के बाद रिक्त हुये अध्यक्ष पदों के निर्वाचन शुक्रवार 8 अगस्त को किया जाएगा। निर्वाचन इन नगर परिषदों के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने नगर परिषद कैमोर में निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई को बनाया गया है। वहीं नगर परिषद विजयराघवगढ़ के लिए पीठासीन अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति मुदित लटोरिया होंगी। कलेक्टर श्री यादव ने आदेश में संबंधित पीठासीन अधिकारियों को पूरी चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कैमोर और विजयराघवगढ़ नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सभी निर्वाचित पार्षदों को व्यक्तिगत रूप से नोटिस और आदेश की प्रतियां तामील करने, पावती प्राप्त करने और संबंधित परिषद के नोटिस बोर्ड पर एक प्रति प्रदर्शित करने का निर्देश भी दिया है।

## कलेक्टर के निर्देश पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी, ठेकेदार फर्म को अंतिम नोटिस

*संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ब्लैक लिस्ट करने होगी कार्यवाही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम सिलौंडी, नैगई और कछारगाँव तथा ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद के हरदुआ ग्राम में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत नल जल योजना के कार्य में रूचि नहीं लेने एवं निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा न करने पर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ठेकेदार फर्म मेसर्स शिवम इंजीनियरिंग को 14 दिन का अंतिम नोटिस जारी किया है। 14 दिन के भीतर संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर अनुबंध रद्द कर फर्म को काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में डाल दिया जाएगा।

मेसर्स शिवम इंजीनियरिंग को फरवरी 2022 में इन गांवों में नल जल योजना के क्रियान्वयन हेतु कार्य पूरा करने का ठेका मिला था, जिसे 8 महीने में पूरा करना था। लेकिन ढाई साल से अधिक समय बीतने के बाद भी कार्य की प्रगति बहुत धीमी पाई गई। इस देरी के कारण फरवरी 2025 से अब तक ग्रामीणों द्वारा की गई 13 सीएम हेल्पलाइन शिकायतें भी लंबित है।

कचनारी में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में ग्राम सिलौंडी और नैगई की पाइपलाइन के अधूरे काम को लेकर शिकायतें मिली थीं। जिसके बाद यह मामला कलेक्टर श्री यादव के संज्ञान में आया था। जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर विभाग ने ठेकेदार फर्म को टीम बढ़ाकर योजना का कार्य तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिये थे।

#### भुगतान के बाद भी काम बंद

विभाग द्वारा ठेकेदार फर्म को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से कार्य पूरा करने के निर्देश दिये गये परंतु, फर्म ने भुगतान न होने का हवाला दिया था। जिसके बाद 27 जून 2025 को भुगतान कर दिया गया। इसके बावजूद, फर्म ने दोबारा काम शुरू नहीं किया और न ही सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को सुलझाया। ठेकेदार ने लगातार बारिश को काम शुरू न करने का कारण बताया, जिसे विभाग ने सही वजह नहीं माना। क्योंकि जिले के अन्य क्षेत्रों में काम बिना किसी बाधा के जारी है।

कलेक्टर श्री यादव के निर्देश एवं विभाग द्वारा फर्म को समय-समय पर लिखित एवं मौखिक रूप से अनुबंध के अंतर्गत कार्य पूरा करने के निर्देश के बाद भी फर्म द्वारा कार्य पूरा करने में कोई रूचि नहीं ली गई। जिसके बाद विभाग ने फर्म को 14 दिन का अंतिम नोटिस जारी करते हुये सख्त निर्देश दिए हैं कि वह 3 दिन के भीतर सभी लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समाधान करे। साथ ही, 14 दिन के भीतर टंकी और अन्य कार्यों को शुरू कर प्रगति रिपोर्ट सौंपे। यदि संतोषजनक प्रगति नहीं दिखी, तो ठेकेदार का अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा और उसे काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में डाल दिया जाएगा। इसके लिए ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होगा।

### देवरी हटाई पहुंचकर अधिकारियों ने किया गांव का निरीक्षण

## एक सप्ताह से उल्टी दस्त का प्रकोप, अब तक 56 मरीज आए सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बड़वारा तहसील अंतर्गत ग्राम देवरीहटाई में पिछले सप्ताह कुछ ग्रामीणों के उल्टी-दस्त से स्वास्थ्य खराब होने के बाद कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभग, पीएचई (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी) के कार्यपालन यंत्री एवं जनपद पंचायत के सीईओ की संयुक्त टीम ने गांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि 20 साल पुरानी पाइपलाइन में तीन जगहों पर लीकेज है और टंकी के पास लगे वॉल्व में भी खराबी है। जिसके बाद, पुरानी टंकी से होने वाली पानी की सप्लाई रोक दिया गया एवं लीकेज का सुधार कार्य किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गांव के 60 प्रतिशत हिस्से में नई टंकी और नई पाइपलाइन के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है। इसके अलावा, गांव में मौजूद 25 सरकारी हैंडपंप भी चालू पाये गये। सभी जल स्त्रोतों का क्लोरीनीकरण किया गया और पानी के सैंपल की जांच में पानी पीने योग्य पाया गया।





#### जिला अस्पताल किया रेफर

स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी देते हुये बताया कि अब तक कुल 56 मरीज सामने आ चुके हैं, जिनमें से 9 मरीजों को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय कटनी रेफर किया गया है। बीमारी की पहली सूचना मिलने पर 5 मरीजों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। डॉ. सुनील त्रिपाठी के नेतृत्व में ब्लॉक और सेक्टर स्तरीय टीम ने गांव का दौरा किया और 10 मरीजों का उपचार किया। जिला स्तरीय टीम (एपिडिमियोलॉजिस्ट और डाटा मैनेजर) ने भी गांव का निरीक्षण किया और 16 मरीजों का इलाज किया। वहीं सेक्टर स्तरीय टीमों ने लगातार घर-घर जाकर सर्वे किया और बचे हुए 15 मरीजों का उपचार किया। इस दौरान 4 और मरीजों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने और सुरक्षित पानी पीने की अपील की है। टीम ने बताया कि खुले में रखा खाना और पानी का इस्तेमाल, साथ ही घरों के आसपास साफ-सफाई न रखना भी इस बीमारी के फैलने का एक कारण हो सकता है। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है और स्वास्थ्य टीम लगातार निगरानी कर रही है।

## रात में सो रहे भाई बहन को सांप ने डसा, दोनों की मौत

**स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत धरवारा गांव में हुई घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत धरवारा गांव में गत रात सांप के काटने से सगे भाई-बहन की उपचार के दौरान मौत हो गई। दोनों घर पर सो रहे थे, तभी सांप ने उन्हें डस लिया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, धरवारा गांव के निवासी शिव कुमार कोल के बेटे विजय कोल 18 वर्ष और बेटी उर्मिला कोल 20 वर्ष अपने घर के एक कमरे में सो रहे थे। रात करीब 3 बजे एक जहरीले सांप ने पहले विजय के पैर में काटा और फिर बिस्तर पर ही सो रही उर्मिला को भी डस लिया। सांप के काटने के बाद परिजनों ने घबराहट में तुरंत दोनों को अस्पताल ले जाने के बजाय, पास के कुआं गांव में एक तांत्रिक के पास झाड़-फूंक कराने के लिए ले गए। तांत्रिक के पास काफी समय बर्बाद करने के बाद जब उनकी हालत बिगड़ने लगी, तब तांत्रिक ने उन्हें अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन निजी वाहन से दोनों भाई-बहन को स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गुरूवार दोपहर करीब 1 बजे उर्मिला ने दम तोड़ दिया। उसके ठीक दो घंटे बाद, विजय की भी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने डसने वाले सर्प को कैद कर लिया है वही इस मामले पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक संगठन का धरना आंदोलन 15 अगस्त से

**कटनी।** जिले के शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार, प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत शिक्षकों के गुमशुदा, एनपीएस राशि का भुगतान नहीं करने, फर्जी विकलांगता के आधार पर प्राप्त नियुक्तियां, रिश्वत लेकर की जा रही प्रतिनियुक्तियाँ, फर्जी स्थानांतरण एवं शिक्षा विभाग और शिक्षकों को ब्लैकमेलिंग से बचाने के लिए 15 अगस्त से कटनी में शासकीय शिक्षक संगठन का धरना-आंदोलन कलेक्ट्रेट कटनी के सामने प्रारंभ होगा। बार बार पत्राचार कर जिला प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराने के बाबजूद कोई कार्यवाही न होने के कारण जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों, विधायकों एवं जिले के प्रभारी मंत्री के संज्ञान में उक्त अराजकता एवं भ्रष्टाचार को उजागर करने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए उक्त प्रदर्शन किया जावेगा। शासकीय शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष रजनीश तिवारी, प्रांतीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, राज्य शिक्षक कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश रंजन परौहा ने उक्त आशय का पत्र कलेक्टर कटनी, सीईओ जिला पंचायत कटनी एवं कमिश्नर जबलपुर संभाग को प्रेषित करते हुए जानकारी दी कि संगठन की जिला शाखा कटनी के उक्त आंदोलन को संबल एवं समर्थन प्रदान करने के लिए संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे तो उपस्थित रहेंगे ही, साथ ही प्रदेश के विभिन्न प्रांतीय पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष भी कटनी आएंगे।

### तिरंगा यात्रा को लेकर 26 मंडलों में हुई बैठक




**कटनी।** आगामी 10 से 14 अगस्त तक भाजपा के प्रत्येक मंडल में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला भाजपा के सभी 26 मंडलों में बैठकों का आयोजन हुआ। मुड़वारा विधानसभा के माधवनगर मण्डल, दीनदयाल उपाध्याय एवं मुड़वारा मंडल की बैठकों में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश में प्रदेशभर में ''हर घर तिरंगा अभियान'' का शुभारंभ 10 अगस्त से किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ''हर घर तिरंगा अभियान'' को एक उत्सव की तरह मनाने की अपील की है। जिलाध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष भाजपा के कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प लें।

### स्वतंत्रता दिवस पर्व पर व्यवस्थाएं करने आयुक्त नें सौंपे दायित्व

**कटनी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार 15 अगस्त को नगर के विभिन्न चिन्हित स्मारकों में ध्वजारोहण कार्यक्रम की व्यवस्था को पूर्ण करानें हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे ने सहायक राजस्व निरीक्षकों एवं भृत्यों की ड्यूटी लगाई है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार शहीद स्मारक में ध्वजारोहण हेतु जिन सहायक राजस्व निरीक्षकों एवं दायित्व सौंपें गए है। उनमें शहीद स्मारक हीरागंज में अरूण पाठक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक तहसील कार्यालय में अशोक गर्ग, शहीद द्वार नई बस्ती में बाबूलाल रजक, नेहरू पार्क सुभाष वार्ड में शैलेन्द्र कुन्डे, गांधी द्वार जैन बोर्डिंग के पास शरद मिश्रा, सुभाष वार्ड जयदयाल रोड़ में सुशील तिवारी तथा गोल बाजार पार्क में राज पाण्डेय का नाम शामिल है। निगमायुक्त श्री दुबे ने इस कार्य हेतु संलग्न भृत्यों को 14 अगस्त को मुख्य स्टोर्स से सामग्री एवं ध्वज प्राप्त करते हुए शुक्रवार 15 अगस्त को प्रातः 6 बजे से चिन्हित स्थानों पर ध्वज लगाने तथा सूर्यास्त के पूर्व ध्वज उतारकर 16 अगस्त को ध्वज एवं सामग्री मुख्य स्टोर में जमा करने के निर्देश दिए है।

### अभिलेख नहीं दिखाने एवं भंडारण गोदाम का नहीं कराया निरीक्षण

# कार्यवाही: शासकीय कार्य में बाधा डालने पर तीन उर्वरक विक्रेताओं का लायसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, अवैध परिवहन पर कठोर कार्रवाई करने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा कृषि अधिकारियों को दिये निर्देश के पालन में गठित जिला स्तरीय उर्वरक गुण नियंत्रण निरीक्षण दल को चाहे गये अभिलेख नहीं दिखाने और उर्वरक भंडारण गोदाम का निरीक्षण नहीं कराकर शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले जिले के तीन उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र लायसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

कलेक्टर के किसानों से संबंधित खाद, बीज के मामले में लापरवाही नहीं बरतने के दिये सख्त निर्देश की वजह से अभियान स्वरूप में जारी जांच कार्य जिला स्तरीय उर्वरक गुणनियंत्रण दल के द्वारा किया गया। इस दौरान विक्रेता संस्थान के उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र में संलग्न स्त्रोत प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त होना, निरीक्षण दल द्वारा चाहे गये अभिलेख न दिखाना एवं उर्वरक भण्डारण गोदाम का निरीक्षण करने से रोकने पर शासकीय कार्य में व्यवधान मानते हुए मेसर्स भोलेनाथ गुप्ता, ग्राम खितौली तहसील बरही, विकासखण्ड बडवारा, को प्रदाय किया गया 30 जुलाई 2011 को उर्वरक विकय प्राधिकार पत्र,जिसकी वैधता तिथि 29 जनवरी 2026 तक थी।इसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।इसी प्रकार मेसर्स विनोद गुप्ता, ग्राम खितौली तहसील बरही, विकासखण्ड बडवारा, के उर्वरक विक्रय संस्थान के निरीक्षण के दौरान उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र में संलग्न स्त्रोत प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त होना, निरीक्षण दल द्वारा चाहे गये अभिलेख न दिखाना एवं उर्वरक भण्डारण गोदाम का निरीक्षण करने से रोकना और शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने पर इस संस्थान का लायसेंस निलंबित किया गया।

इस संस्थान को 22 जुलाई 2011 को उर्वरक विकय प्राधिकार पत्र प्रदान किया गया था। जिसकी वैधता 31 अक्टूबर 2026 तक थी। जिसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इसके अलावा मेसर्स हनुमान बीज भण्डार (प्रो. कपिल गुप्ता) ग्राम खितौली तहसील बरही, विकासखण्ड बडवारा, के उर्वरक विक्रय संस्थान द्वारा जिला स्तरीय उर्वरक गुणनियंत्रण दल को उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र में संलग्न स्त्रोत प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त होना मिलीं। साथ ही, निरीक्षण दल द्वारा चाहे गये अभिलेख न दिखाना शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने की श्रेणी में मानते हुए लायसेंस निलंबित किया गया। इस संस्थान का लायसेंस 16 मई 2012 को प्रदान किया गया था। जो 7 जनवरी 2026 तक वैध था। लेकिन संस्थान के नियम विपरीत कृत्यों की वजह से लायसेंस निलंबित कर दिया गया है।

#### उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश का उल्लंघन

उर्वरक विक्रय संस्थानों के उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र में संलग्न स्त्रोत प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त होना,निरीक्षण दल द्वारा चाहे गये अभिलेख न दिखाना एवं उर्वरक भण्डारण गोदाम का निरीक्षण करने से रोकना शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने की श्रेणी में माना गया। जो उर्वरक गुणनियंत्रण आदेश 1985 के खंड 28 (1) व 28 (4) एवं 35 का उल्लघंन है। इस आधार पर उर्वरक पंजीयन अधिकारी एवं उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनीष मिश्रा ने तीनों संस्थानों का उर्वरक विक्रय लायसेंस निलंबित कर दिया है।



# अधिकारियों ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पहाड़ी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का बुधवार को सहायक संचालक राजेश अग्रहरी और एडीपीसी रमसा अभय जैन ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता और शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की। साथ ही इस दौरान 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, छात्रों की उपस्थिति, कक्षा संचालन, प्रयोगशाला और पुस्तकालय का बारीकी से जायजा लिया गया। साथ ही शिक्षकों से संवाद करके शिक्षण विधियों की जानकारी ली गई और छात्रों से बात कर उनकी सीखने की क्षमता का भी आकलन किया।

निरीक्षण के बाद, श्री अग्रहरी और श्री जैन ने विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की तारीफ की। उन्होंने शिक्षकों और प्राचार्य आलोक पाठक को इसी तरह के उत्कृष्ट कार्य जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें व्यावहारिक ज्ञान, नैतिकता और पर्यावरण के प्रति प्रेम भी सिखाया जाए।

निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने 'एक वृक्ष माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में लगाये गये आम, नीम, पीपल, पपीता और अशोक के कुल 5 पौधे लगाए । इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण की सुरक्षा के साथ-साथ अपनी माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है।

# पुलिस की गिरफ्त में आया चोर, चोरी किये जेवरात किये बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मझौली टोला में बीते 4 अगस्त को हुई चोरी के मामले में पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से चोरी के जेवरात भी बरामद किये गए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा आईपीएस के निर्देशन में डॉ संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्रीमती नेहा पच्चीसिया नगर पुलिस अधीक्षक एवं थानाप्रभारी माधवनगर अभिषेक चौबे के मार्गदर्शन में झिंझरी चौकी पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया विसरती बाई निवासी मझौली टोला ने रिपोर्ट किया कि दिनांक 4 अगस्त को मैं अपनी लड़की के यहां गई थी जो वापस आने पर मेरे घर का ताला टूटा था एवं मेरे घर में रखें सोने चांदी के जेवर एक मंगलसूत्र 5 लॉकेट वाला, एक जोड़ी चांदी की पायल तथा एक जोड़ी चांदी का हाथ का कड़ा कीमती करीब 80 हजार रुपए कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। रिपोर्ट पर मामला क़ायम कर विवेचना में लिया गया। झिंझरी पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू की और गांव के पुराने चोर बिट्टू उर्फ सौम्य बर्मन पिता गणेश वर्मन निवासी मझौली टोला के क़ब्ज़े से चोरी गए सोने चांदी के जेवरात बरामद किये गए हैं।

### शराब दुकान में युवक से की मारपीट

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत तेवरी में ठेकेदार के गुर्गों ने एक ग्रामीण से लाठी-डंडे से मारपीट की है। जानकारी के अनुसार बिचुआ ग्राम निवासी मुकेश पिता रामेश्वर चौधरी जो कि तेवरी शराब दुकान में शराब लेने गया था इसी दौरान शराब दुकान के सामने से उसकी साइकिल चोरी हो गई। जब शराब दुकान पहुँच ने इस संबंध में पूछा तो वे भड़क उठे और मुकेश के साथ लाठी डंडे से मारपीट की गई। घायल का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

### गेहूँ आवंटन में की गई वृद्धि

**कटनी।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में सम्मिलित जिले के पात्र परिवारों को माह सितंबर से वितरण किये जाने वाले गेहूँ के आवंटन में वृद्धि की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि अंत्योदय अन्न योजना के परिवार को अब प्रति माह 25 किलोग्राम गेहूं और 10 किलोग्राम चावल (कुल 35 किलोग्राम) मिलेगा। वहीं प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को प्रति सदस्य को 3 किलोग्राम गेहूं और 2 किलोग्राम चावल (कुल 5 किलोग्राम) दिया जाएगा। श्री परिहार ने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे सितंबर से निर्धारित नए अनुपात के अनुसार ही अपना राशन प्राप्त करें।

### रक्षाबंधन एवं कजलियां को लेकर विशेष सफाई अभियान



नगर में आगामी रक्षाबंधन एवं कजलियां के त्योहारों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारों के दौरान नगर की स्वच्छता एवं नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर त्योहारों के मौसम में नगर की सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जो आगामी दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि वे सफाई व्यवस्था में सहयोग करें तथा कचरा इधर-उधर न फेंकें। नगर निगम के स्वच्छता मित्र राजाना विभिन्न वार्डों, मुख्य सड़कों, बाजार क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई के कार्य में जुटकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें का कार्य कर रहे है। वहीं अभियान के तहत नालियों की सफाई, ठोस अपशिष्ट का उठाव, जल छिड़काव का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

# आवारा मवेशियों की जमघट से मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



सड़कों पर मवेशियों की बढ़ती धमाचौकड़ी राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गई है। चाहे दिन हो या रात, उमरियापान से स्लीमनाबाद, ढीमरखेड़ा और सिहोरा मार्ग पर लगभग हर गांव में मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, और कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद प्रशासनिक अमला लापरवाह नजर आ रहा है। सड़क पर बैठे मवेशी न केवल वाहनों की आवाजाही में बाधा बनते हैं, बल्कि कई बार दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। वाहन चालक भी अचानक सामने आ रहे मवेशियों से बचने के चक्कर में खुद भी घायल हो रहे हैं और मवेशी भी चोटिल हो रहे हैं। स्थिति यह है कि रात में सड़कों पर चलना जोखिम भरा हो गया है। मुख्य मार्गों पर मवेशी बैठे देखे जा सकते हैं।

#### आदेश हवा हवाई

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने हाल ही में हुई टीएल बैठक में इस मुद्दे पर नाराजगी जताई थी और सख्त निर्देश दिए थे कि मवेशियों को खुला छोड़ने वाले पशु मालिकों पर कार्रवाई की जाए तथा मवेशियों को गौशालाओं या सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। लेकिन तहसील स्तर के अधिकारी इन आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा आम राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। मवेशियों के अचानक सड़क पर आ जाने से दोपहिया वाहन चालक विशेष रूप से जोखिम में हैं। बारिश के कारण सड़कों की फिसलन और ऊपर से मवेशियों का जमावड़ा, यह संघातक संयोजन बनता जा रहा है।

### विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# महिलाओं को स्तनपान कराने एवं बच्चे को होने वाले फायदे की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद




महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद मे 1 अगस्त से विश्व स्तनपान सप्ताह अभियान का आगाज हुआ जो सात अगस्त तक चला अभियान के तहत गुरुवार को आँगनबाड़ी केंद्र बचैया मे स्तनपान की महत्वता पर कार्यक्रम आयोजित हुआ!कार्यक्रम के दौरान मां के दूध का महत्व बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक स्वाति दुबे के द्वारा स्तनपान सप्ताह के तहत स्तनपान को प्रोत्साहन देने के लिए व प्रसूताओं को नवजात बच्चों को प्रथम आहार के रूप में मां का दूध पिलाए जाने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया।इस दौरान प्रसूताओं को नवजात बच्चों को 6 माह तक संपूर्ण स्तनपान कराए जाने की शपथ दिलाई गई। माताओं को संपूर्ण स्तनपान कराने का तरीका व मां के दूध के फायदे के बारे में बताया गया।

साथ ही कहा कि स्तनपान को लेकर आज भी काफी संख्या में माताओं में पर्याप्त जानकारी का अभाव देखा गया है। इस बजह से बच्चों को पर्याप्त मात्रा में मां का दूध नहीं मिल पाता है। इससे बच्चों में कई प्रकार की समस्याएं विशेष रूप से कुपोषण जैसी घातक परेशानियां देखने को मिलती है। जिन्हें स्तनपान को बढ़ावा देकर ही रोका जा सकता है क्योंकि मां का दूध शिशुओं के लिए सर्वोत्तम एवं संपूर्ण आहार है। 6 माह तक के बच्चों को केवल स्तनपान ही पर्याप्त भोजन है। इसलिए बच्चें को माँ का पहला गाढ़ा दूध पिलाना अति आवश्यक है!जिसका कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। इससे बच्चे एवं मां में भावनात्मक जुड़ाव पैदा होता है और बच्चे का सर्वांगीण विकास होता है। स्तनपान के साथ पोषण युक्त आहार सेवन को लेकर भी जागरूक किया गया। इस दौरान आँगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका व महिलाओ की उपस्थिति रही।

### राखी, रूमाल, कपड़ा से लेकर किराना की खरीदारी से बाजार गुलजार

# रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में दिन भर बनी रही लोगों की खासी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





भाई-बहन के स्नेह, अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन को लेकर बाजार गुलजार नजर आ रहा है। पर्व को लेकर अब महज एक दिन ही शेष है। गुरूवार को त्यौहारी खरीदारी के लिए बाजार में खासी चहल पहल रही। देर रात तक लोगों की भीड़ बाजार में देखी गई। सबसे ज्यादा राखी रूमालों, कपड़ा आदि दुकानों में खचाखच भीड़ रही। बाजारों में लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं। इस दौरान कई स्थानों पर यातायात का दबाव बढ़ने से मुख्य बाजार में जाम की स्थिति भी निर्मित हो गई। बाजार में हर वर्ग के लिए राखियों की वैरायटी उपलब्ध है जो लोगों को लुभा रही है। हाथठेला, फुटपाथी व अस्थायी दुकानों पर बिक्री के लिए विभिन्न प्रकार की राखियां सजी हुई है। इस दुकानों में 5 रुपए से लेकर दो सौ रुपये और कहीं-कहीं इससे भी ज्यादा कीमत की राखियां बिक रही है। सोने-चांदी की राखी की भी बिक्री हो रही है। आभूषण विक्रेताओं के यहां पर भी नई-नई डिजाइन में सोने-चांदी की आकर्षक राखियां बाजार में उपलब्ध है। भाईयों की कलाई पर सबसे बेहतरीन राखी बांधने के लिए बहनें तलाश में एक दुकान से दूसरी दुकान का चक्कर लगाती नजर आई। देर रात तक बाजार खरीदारी से गुलजार रहा।

शहर के सुभाष चौक, माधवनगर बाजार, एनकेजे बाजार के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी राखी की दुकानें जगह-जगह लगी हैं। किराना दुकानों से लेकर ठेलों में भी राखी रूमालें विक्रय की जा रही है।

#### भीड़ से रेंगता रहा यातायात

पर्व को लेकर खरीदारी करने बाजार में भीड़ उमड़ जो दिन भर बनी रही। अधिक भीड़ एवं अव्यवस्थित पार्किंग एवं तिपहिया वाहनों की आवाजाही के चलते लोग कछुआ चाल में चलते नजर आए। शाम के समय यातायात पुलिस के द्वारा सुभाष चौक,एवं मुख्य मार्ग में व्यवस्था बनाएं रखने सक्रिय नजर आई। हालांकि दिन के समय ट्रैफिक कर्मचारियों का पता नहीं रहता जबकि शाम की अपेक्षा दोपहर के समय अधिक भीड़भाड़ रहती है। मुख्य मार्ग में लगे बाजार की वजह से अधिक परेशानी होती है।

#### कजलियां मेले की भी हो रही तैयारियां

रक्षाबंधन के दूसरे दिन भाईचारे का पर्व कजलियां मनाया जाता है। कजलियां पर शहर के लल्लू भैया की तलैया एवं गाटर घाट में मेले का भी आयोजन किया जाता है। मेले में मनोरंजन के साथ खाने पीने की सामग्री भी उपलब्ध रहेगी।

# कजलियां मेले के दौरान नगर निगम करेगा आवश्यक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कजलियां मेले का आयोजन इस वर्ष भी 9 अगस्त से 11 अगस्त तक आजाद चैक गाटरघाट स्थित राम मंदिर के पास तथा शहर की परंपरा अनुसार 10 अगस्त को श्री लल्लू भैया की तलैया में आयोजित किया जाना है। निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे ने कजलिया मेले के दौरान नगर निगम द्वारा की जानें वाली साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय में पूर्ण किए जाने हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं।

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त द्वय मेला स्थल सहित आस पास के क्षेत्रों एवं पहुँच मार्गों में विशेष साफ-सफाई, चूने की लाइनिंग, कीटनाशक दवा का छिड़काव, आवारा मवेशियों पर नियंत्रण की कार्यवाही हेतु स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं टीम को दायित्व सौंपा गया है। वहीं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सहित बंद स्ट्रीट प्वाइंटो को चालू कराने हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा एवं विभाग के उपयंत्रियों को निर्देशित किया है। जबकि टैंकर के माध्यम से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु मृदुल श्रीवास्तव उपयंत्री और गड्ढों की मरम्मत करानें हेतु सुधीर मिश्रा प्रभारी कार्यपालन यंत्री और सहायक यंत्रियों को दायित्व सौपा गया है।


इसी प्रकार गाटरघाट में कार्यालय डिस्ट्रिक कमांडेंट से संपर्क कर तैराक एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित पुलिस कंट्रोल रूम से समन्वय बनाते हुए अग्निशमन वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का दायित्व प्रभारी फायर नियंत्रण अधिकारी मृदुल श्रीवास्तव को सौंपा जाकर समस्त व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने राह-वीर योजना में संभवतः प्रदेश का पहला प्रकरण किया स्वीकृत

**छतरपुर।** म.प्र. सरकार द्वारा चलाई जा रही राह-वीर योजना 2025 वरदान साबित हो रही है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल गोल्डन आवर (दुर्घटना के 1 घंटे के भीतर) में अस्पताल पहुंचाने पर इस योजना से संबंधित को 25 हजार रुपए की राशि पुरस्कार के रूप में दी जाती है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने छतरपुर जिले के पहले एवं संभवतः प्रदेश के पहले राह-वीर बने समीर एवं मोंटी खान को पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। इन दोनों राहवीरों ने तत्पर्यता दिखाते हुए एवं बिना समय गवाए, यह समय दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए गोल्डन आवर होता है। घायल व्यक्ति को सही समय पर अस्पताल पहुंचाया। जिससे उसकी जान बच गई। यातायात थाना से प्राप्त प्रकरण अनुसार 9 जून 2025 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत जिला चिकित्सालय के सामने छत्रसाल चौक के पास घटित सड़क दुर्घटना में घायल रामकिशोर अग्रवाल पिता प्रेमनारायण अग्रवाल उम्र 44 वर्ष निवासी किशोर सागर तालाब के पास को समीर खान पिता मुस्ताक खान उम्र 24 साल एवं मोंटी खान उर्फ फैजान खान पिता स्व. रफीक खान उम्र 24 साल निवासी बेनीगंज मोहल्ला छतरपुर द्वारा गोल्डन आवर में जिला अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया गया। जिससे उनका उपचार तुरन्त प्रारंभ हुआ तथा उनके जीवन की रक्षा हो सकी।

## बहादुर सिंह परमार को मणि दीप सम्मान घोषित



**छतरपुर।** मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन भोपाल द्वारा छतरपुर शहर के डॉ बहादुर सिंह परमार को कथेतर गद्य विधा का मणि दीप सम्मान 2025 देने का निर्णय लिया गया है।हिंदी साहित्य सम्मेलन के जिला अध्यक्ष नीरज खरे ने बताया कि इस सम्मान में 5100 रुपए की राशि तथा सम्मान पट्टिका अक्टूबर माह में भोपाल में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान घोषित होने पर डॉ परमार को डॉ अमिता अरजरिया,शोभा शर्मा, आभा श्रीवास्तव, शिवभूषण सिंह गौतम, नितेंद्र सिंह परमार, वीरेंद्र खरे अकेला, मौलाना हारून अना कासमी, अभिराम पाठक, निदा रहमान सहित अनेक साहित्यकारों ने बधाई दी है।

## पुलिस ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार, 2 मोबाइल फोन बरामद



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन द्वारा गुम हुए मोबाइल की तलाश एवं मोबाइल चोर की गिरफ्तारी हेतु सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। जिले के सभी थानों में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षित पुलिस कर्मचारी द्वारा कार्यवाही की जा रही है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत देरी रोड के निवासी फरियादी जय हिंद विश्वकर्मा के मोबाइल फोन चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से साक्ष्य एकत्र किए गए, मोबाइल चोर का पता लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा शीघ्र कार्यवाही कर मोबाइल फोन चोरी करने वाले आरोपी लोकेश अवस्थी पिता रामशरण अवस्थी निवासी ग्राम प्रतापपुरा हाल देरी रोड छतरपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक एम आई कंपनी का मोबाइल एवं एक वीवो कंपनी का मोबाइल कुल कीमत करीब 21000 रुपए बरामद किया गया।

## महिला ने दिया सांप के बच्चों को जन्म, अफवाह फैली

**राजनगर/छतरपुर।** छतरपुर जिले की राजनगर तहसील के अंतर्गत आने वाले मऊ मसनिया गांव में एक अजीबोगरीब घटना ने क्षेत्रवासियों को हैरान कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, एक महिला ने सांप के बच्चों को जन्म दिया, जिससे गांव में कौतूहल और भय का माहौल बन गया है। यह खबर तेजी से आसपास के क्षेत्रों में फैल रही है और लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला की स्थिति का आकलन किया। इस मामले में डॉ. अवधेश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रारंभिक रूप से यह मामला ब्लड क्लॉटिंग (रक्त के थक्के बनने) जैसा प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं वास्तविकता से अधिक भ्रांति आधारित हो सकती हैं, जिन्हें चिकित्सा जांच के आधार पर ही स्पष्ट किया जा सकता है। महिला को फिलहाल बेहतर जांच और इलाज के लिए छतरपुर जिला अस्पताल भेजा गया है।

---

गांव की स्वच्छता और प्रगति ने जीता दिल, सामूहिक प्रयास की जमकर की सराहना

# मप्र राज्य सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने किया स्मार्ट गाँव पड़रिया थोबन का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



मध्य प्रदेश राज्य सेवा के लगभग एक दर्जन प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने आधारभूत प्रशिक्षण के दौरान गुरुवार को जबेरा विकासखंड के स्मार्ट ग्राम पड़रिया थोबन का दौरा किया। भ्रमण के दौरान दल में डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। ग्राम भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने न केवल गाँव की स्वच्छता और व्यवस्था को नजदीक से देखा बल्कि गाँव की प्रगति और आत्मनिर्भरता की कहानी से भी गहरे प्रभावित हुए। गांव पड़रिया थोबन पहुँचकर अधिकारियों ने सबसे पहले गाँव के युवाओं से मुलाकात की और उनके साथ ग्रामीण विकास पर सार्थक चर्चा की। गाँव की स्वच्छता और सुव्यवस्थित प्रबंधन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर गाँव की सफलता की कहानी को एक प्रभावी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जिसमें स्मार्ट ग्राम की उपलब्धियों और नवाचारों को रेखांकित किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने गाँव की गलियों का भ्रमण कर वहाँ के स्वच्छ वातावरण और सामुदायिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्थानीय स्कूल का दौरा भी किया जहाँ बच्चों की शिक्षा और स्कूल के बुनियादी ढांचे की जानकारी ली। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ जिसमें गाँव की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत को पर्यटन के लिए आकर्षक बनाने पर जोर दिया गया। भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ज़िला पंचायत दमोह के अधिकारी ,जबेरा तहसील से एवं पंचायत कर्मी और ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर गाँव की प्रगति और सामुदायिक सहभागिता के मॉडल को सराहा। यह दौरा न केवल प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए प्रेरणादायी रहा बल्कि ग्रामीण विकास और स्वच्छता के क्षेत्र में पड़रिया थोबन के मॉडल को और अधिक प्रचारित करने का अवसर भी प्रदान किया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि पड़रिया थोबन का यह स्मार्ट ग्राम मॉडल अन्य गाँवों के लिए भी एक प्रेरणा बन रहा है जो स्वच्छता, सामुदायिक सहभागिता और आत्मनिर्भरता का शानदार उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य सेवा के अधिकारियों के साथ जबेरा जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल, सहायक यंत्री शिवाजी गौड़ ,उपयंत्री आर के वर्मा, उपयंत्री सुरेश प्रजापति, धर्मेंद्र रजक, संतोष बाजपेई सहित अनेकों ग्रामवासी मौजूद रहे।

---

आज 1 से 800 तक के कूपन वाले किसानों को खाद्यान्न वितरित किया

## एसडीएम श्री गंधर्व ने लिया खाद वितरण केंद्र की व्यवस्था का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

एसडीएम सौरभ गंधर्व ने बताया कि कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार खाद्य वितरण सुचारू रूप से चल रहा है। आज 1 से 800 तक के कूपन वाले किसानों को खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खाद्य वितरण शांतिपूर्ण तरीके से हो रहा है और इसके लिए 3 चेकपॉइंट बनाए गए हैं, सत्ताईस मील पर एक चेकपॉइंट बनाया गया है, मंडी में दो चेकपॉइंट बनाए गए हैं - एक वाहनों के प्रवेश के लिए और दूसरा गोदाम के पास बनाया गया है। एसडीएम श्री गंधर्व ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की गई है, सारी लाइनें बाकायदा लगाई गई हैं, पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। एसडीएम श्री गंधर्व ने बताया कि सभी खाद्य वितरण व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं और खाद्यान्न वितरण शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है।

## नियोजित कर्मकारों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**दमोह।** जिले के मोटर यातायात श्रमिक अधिनियम 1961 अंतर्गत जिले के उपक्रमों/ संस्थानों द्वारा नियोजित कर्मकारों का स्वास्थ्य परीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह द्वारा शासकीय बस स्टेण्ड दमोह में आयोजित किया गया। आयोजित शिविर में शासकीय चिकित्सालय दमोह से डॉ. गौरव जैन, डॉ. राज गौर एवं उनके सहयोगी स्टाफ के साथ, प्रभारी श्रम पदाधिकारी जी.डी गुप्ता, आशा सिरसाम, सहायक श्रम पदाधिकारी मंजूषा त्रिपाठी, राहुल कुर्मी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में जिले के मोटर यातायात श्रमिक अधिनियम 1961 के अंतर्गत प्राप्त निर्देशों के परिपालन में आयोजित किया गया था, जिसमें 50 लोगों द्वारा शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य परीक्षण/स्वास्थ्य लाभ लिया गया, साथ ही शिविर के दौरान उपस्थित नियोजकों को मोटर यातायात श्रमिक अधिनियम 1961 के अंतर्गत पंजीयन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

---

# सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु 30 अगस्त तक सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में होंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में सी.एम हेल्पलाईन पोर्टल पर लंबित शिकायतों के समाधान हेतु 30 अगस्त तक विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे है। शिकायतकर्ता को शिविर में आमंत्रित कर नोड़ल अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारी, चिकित्सक की उपस्थिति में सभी शिकायतों का समुचित दस्तावेजीकरण कर निराकरण किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के.अठ्या ने बताया जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 30 अगस्त तक यथा 08, 12, 13, 14, 18, 19, 20, 28, 29 एवं 30 अगस्त को शिविर आयोजित किये जायेंगे। सी.एम. हेल्पलाईन शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु जिला चिकित्सालय दमोह में डॉ. मुकेश कुमार जैन एवं जिला क्षय केन्द्र इकाई दमोह में डॉ. गौरव जैन तथा खंड स्तर पर प्रत्येक विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सी.बी.एम.ओ. को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा बीसीएम व अस्पताल प्रबंधक के माध्यम से शिकायतकर्ताओं को पूर्व सूचना देकर शिविर में उपस्थित किया जायेगा। जिससे उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से संबंधित शिकायतों के समाधान हेतु शिकायतकर्ता कार्यालय के सीएम हेल्पलाईन शाखा प्रभारी से संपर्क कर सकेंगे।

# दुर्घटना में सहायता करने पर बनेगा राहवीर, 25 हजार का मिलेगा इनाम


**दमोह।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने वाला व्यक्ति अब राहवीर कहलाएगा। इस योजना के संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान को बचाना है। ऐसा करने वाली व्यक्ति को अब पुलिस परेशान नहीं करेगी सरकार उसको 25 हजार रुपए का इनाम भी देगी। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया एक वर्ष में एक व्यक्ति कम से कम पांच बार इस योजना से इनाम ले सकता है। उस व्यक्ति का सम्मान सार्वजनिक रूप से किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं में असमय मृत्यु को प्राप्त होने वाले लोगों की सबसे ज्यादा तादाद होती है। दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने में लोग इसलिए कतराते थे कि पुलिस प्रक्रिया कठिन थी। लेकिन अब सरकार का लक्ष्य लोगों की जान बचाना है इसलिए सरकार ने पुलिस की इस व्यवस्था में बदलाव कर दिया है। पुलिस अब उस व्यक्ति को परेशान नहीं करेगी जो घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि अगर आपको कहीं कोई घायल व्यक्ति मिलता है तो उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाएं ताकि आपके सहयोग से उसे व्यक्ति की जान बच सके।

---

दुर्लभ ब्रह्म कमल के दर्शन करने लोगों की लगी भीड़

# बागवानी के शौकीन स्वास्थ्य कर्मचारी के यहां गमले में खिला ब्रह्म कमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



सनातन धर्म में मान्यताओं के अनुसार कमल का फूल बेहद शुभ और बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु के अलावा कमल का फूल और भी कई देवी-देवताओं पर अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि कमल का फूल भगवान को अर्पित करने से मनोकामनाएं पूरी होती है। पुराणों के अनुसार कमल के चार प्रकार के फूल बताए गए हैं। नीलकमल, ब्रह्म कमल, फेन कमल और कस्तूरबा कमल, इसके अलावा कमल के फूल भारत वर्ष के लगभग सभी क्षेत्रों में पाए जाते हैं। कमल का फूल तालाबों में उगता है, लेकिन हिंदू पुराणों में वर्णित ये कमल के फूल सिर्फ हिमालय के क्षेत्रों में पाए जाते हैं, लेकिन घर में बागवानी के शौकीन नगर के सुभाष वार्ड निवासी स्वास्थ्य कर्मचारी बुद्धन लाल तंतुवाय के निवास पर भगवान शिव को समर्पित श्रावण मास के पावन अवसर पर बीती रात्रि प्रस्फुटित श्री ब्रह्मकमल के खिलने की जानकारी मिलने पर लोग काफी संख्या में ब्रह्म कमल के दर्शन करने उनके निवास में पहुंचने लगे। इस संबंध में बुद्धन तंतुवाय ने बताया कि हिंदू पुराणों के अनुसार ब्रह्म कमल एक बहुत ही दुर्लभ फूल है। ऐसा माना जाता है कि यदि ब्रह्म कमल भगवान शिव पर चढ़ाया जाए तो इससे वे तुरंत प्रसन्न होते हैं, इसके अलावा यदि फूल घर में भी लगाएं तो इससे भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त होता है। हिंदू पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ब्रह्म कमल ही वह पुष्प था, जिस पर भगवान शिव ने जल छिड़क कर भगवान गणेश को जीवित किया था, इसलिए इस फूल को जीवन देने वाला फूल भी माना जाता है। ऐसे में मान्यता है कि यदि किसी बीमार व्यक्ति के पास इस फूल को रखा जाए तो उसे तुरंत स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता हैं। बुद्धन तंतुवाय ने बताया कि हमें बचपन से ही बागवानी लगाने का शौक है आवास पर बागवानी लगाने जमीन न होने के कारण हमने अपने मकान की छत पर ही बागवानी लगा आई जिसमें तरह-तरह के पुष्पों एवं सुसज्जित पौधे लगाए गए हैं जिसमें नीलकमल, कृष्ण कमल, पीला कमल, गुलाबी कमल, के अलावा, पारीजात , रुद्राक्ष सहित अन्य प्रजाति के भी पुष्पों के पौधे छत पर बागवानी में सुशोभित हो रहे हैं।

## अजाक्स ने भ्रमण कर ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

### पीड़ित परिवार को दी सहायता राशि

अजाक्स टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर अज्ञानता के अंधकार को मिटाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को अजाक्स टीम जबेरा जनपद के ग्राम विजय सागर पहुंची। जहां विगत दिनों एक आदिवासी युवा नदी के तेज बहाव में बहकर असमय ही काल के गाल में समा गया था। जहां अजाक्स टीम ने पहुंचकर पीड़ित परिवार से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की और शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 2200 रुपए की राशि प्रदान की। साथी टीम द्वारा शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि के संबंध में चर्चा की। इस दौरान अजाक्स के तहसील जबेरा अध्यक्ष जी पी झारिया तहसील जबेरा के अध्यक्ष जी पी झारिया परिजनों से आग्रह करते हुए कहा कि आप नशे से दूर रहें और अपने बच्चों को भी नशे से दूर रखें एवं अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं भले ही एक रोटी कम खाएं लेकिन शिक्षा अवश्य दिलाए शासन प्रशासन आपके साथ है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, महासचिव मान सिंह, सचिव मुलायम सिंह सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समितियाँ गठित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

भारत सरकार के नीति आयोग की मंशानुसार संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह द्वारा एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत तेंदूखेड़ा ब्लॉक की सभी पंचायतों मे बाल संरक्षण समितियों का लगातार गठन किया जा रहा है। इस बारे इस संबंध में संस्था के जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे ने बताया कि जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण जैसी सामाजिक कुरितियों को रोकने के अलावा बच्चों के अधिकारों को संरक्षित करने की दिशा मे संस्था के व्दारा व्यापक जनजागृति अभियान संचालित किये जा रहे हैं। इसी क्रम मे ब्लॉक की भैंसा, पुरा करौंदी, झलौन सहित 12 ग्राम पंचायतों मे बाल संरक्षण समितियों का गठन किया गया। समितियों मे सभी सरपंचो, पंचों, सचिवों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, आशा कार्यकर्ताओं , स्कूल प्रमुखों, शाला के सजग बच्चों, गणमान्यजनों आदि को रखा गया है। वरिष्ठ कार्यकर्ता सुजात खान ने बताया कि ये समितियां पंचायत के सभी बच्चों के हक- अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास की दिशा में काम करेगी। साथ ही पंचायतों के चिन्हित वंचित गरीब परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी संस्था व्दारा नीति आयोग की मंशानुसार किया जायेगा। तेन्दूखेडा. ब्लाक मे समिति निर्माण एवं परियोजना की थीम विस्तार में कार्यकर्ता प्रतिभा सिंह, रितु विश्वकर्मा, रिंकू यादव, दर्शन नामदेव आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

---

## कलेक्टर ने 9 प्रकरणों में कुल 10.50 लाख रुपए की राशि की स्वीकृत

**छतरपुर।**

जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा मानवीय पहल पर संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्पर्यता से हिट एंड रन के प्रकरणों का निराकरण कर मृतकों के परिजन एवं घायलों को नियमानुसार सहायता राशि स्वीकृत की जा रही है। कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त पार्थ जैसवाल ने विगत तीन दिनों में हिट एंड रन मामले में मोटरयान दुर्घटना के 9 अलग-अलग प्रकरणों में कुल 10 लाख 50 हजार रुपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। जिले में अब तक कुल 25 हिट एंड रन के प्रकरणों का निराकरण हो चुका है। जिसमें 38 लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इससे जिले के लोगों में शासन प्रशासन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को मिल रहा है।

### विगत तीन दिनों में स्वीकृत प्रकरण -

स्वीकृत प्रकरण जिसमें एक दुर्घटना जो ग्राम खौंप पानी की टंकी के पास 25 मई 2023 को हुई थी जिसमें अजय राय पिता महेन्द्र सिंह राय निवासी खौंप की दुःखद मृत्यु होने पर इनके वैध वारिस पिता को प्रतिकर के रूप में 2 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। दूसरी दुर्घटना जो राजनगर छतरपुर मार्ग पर ग्राम भुस्का के पास 31 मार्च 2024 को हुई थी। जिसमें किरण्न पत्नि सुखलाल आदिवासी निवासी ग्राम खरोंही तहसील राजनगर की मृत्यु होने पर इनके वैध वारिस पति को प्रतिकर के रूप में राशि 2 लाख रुपए मंजूर की गई है। तीसरी दुर्घटना ग्राम हमा में जटाशंकर वेयर हाउस के पास 21 मई 2023 को हुई थी।

संस्था एवं समुदाय स्तर पर स्तनपान केन्द्रित परामर्श सत्र आयोजित कर दी गई समझाईश

# जन्म के बाद शिशु को पहले छः माह तक केवल मॉ का दूध ही पिलायें और कुछ नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान संस्था एवं समुदाय स्तर पर स्तनपान केन्द्रित परामर्श सत्र आयोजित किये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नर्सिंग ऑफीसर द्वारा एनआरसी, एनबीएसयू, एसएनसीयू, प्रसवोत्तर वार्ड में भर्ती धात्री माताओं एवं उनके परिजनों व समुदाय स्तर पर सीएचओ एवं एएनएम ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर धात्री एवं गर्भवती माताओं को शिशु का स्तन से सही जुड़ाव, मॉ या शिशु के बीमार होने पर भी स्तनपान जारी रखने, स्तनपान से शिशु एवं मॉ को लाभ के संबंध में समझाईश दी गई।

### स्तनपान से मॉ एवं शिशु को लाभ

सीएमएचओ डॉ. अठया ने स्तनपान से शिशु को लाभ के संबंध में बताया यदि बच्चा बीमार हो, तब भी मॉ अपना दूध पिलाती रहे। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि माँ के दूध में वे सभी तत्व होते है, जो बीमारियों से लड़ने में मदद करते है और शिशु जल्दी ठीक हो जाता है। बच्चे के बेहतर मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान की शुरूआत कराना बहुत जरूरी होता है। माँ का दूध साफ-सुथरा, जीवाणु रहित होता है जो बच्चे को दस्त रोग एवं अन्य संक्रमण से बचाता है। शिशु को श्वांस से संबंधित समस्याओं, एलर्जी और त्वचा संबंधित रोगों से भी बचाव होता है। लगातार सफल स्तनपान कराने से माँ के स्तनों में अधिकाधिक दूध बनता है एवं स्तनों में भारीपन की समस्या भी नहीं होती। उन्होंने बताया प्रसव के बाद रक्तस्त्राव कम होता है। स्तन व गर्भाशय के कैंसर से बचाव होता है। वजन नियंत्रित करने एवं शरीर को सुडौल बनाने में भी सहायक है। माताओं को ध्यान रहे कि शिशु के जन्म के बाद स्तनपान से पूर्व उपरी दूध, शहद अथवा गुड़ का पानी, घुट्टी, सौंफ-अजवाईन का पानी आदि नहीं देना चाहिए। यह चीजें शिशु को संक्रमित कर सकती है और शिशु को मॉ के पहले दूध (खीस) का लाभ नहीं मिल पाता। तो जन्म के बाद शिशु को पहले छः माह तक केवल मॉ का दूध ही पिलाये और कुछ भी नहीं, पानी भी नहीं।

## हरि ताम्रकार का निधन



**हिंडोरिया।** खैया मोहल्ला निवासी नारायण ताम्रकार के मंझले भाई तथा हर्षित ताम्रकार के पिता 65वर्षीय हरि ताम्रकार का हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया।

## सीएमओ ने छात्रों के साथ ग्रहण किया मध्यांह भोजन

**छतरपुर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत जिले के समस्त विकासखण्ड अंतर्गत आने वाली लक्षित शालाओं में वितरित किए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की मॉनीटरिंग हेतु कलेक्टर द्वारा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। गठित टीम द्वारा संकुल केन्द्र अंतर्गत आने वाली सप्ताह में एक वार दो शालाओं में मध्यान्ह भोजन कार्यकम का निरीक्षण कर छात्रों के साथ मध्यान्ह भोजन ग्रहण करेंगे।

## खबर संक्षेप

### सिंगल क्लिक के माध्यम से राहत राशि वितरण आज

**दमोह।** संयुक्त कलेक्टर ने जानकारी देते हुये बताया मुख्यमंत्री जी द्वारा प्राकृतिक आपदा एवं अतिवृष्टि/बाढ़ से हुई विभिन्न क्षतियों (फसल क्षति को छोड़कर) हेतु प्रभावितों को सिंगल क्लिक के माध्यम से आज 08 अगस्त को प्रातः 11 बजे राहत राशि वितरण का किया जायेगा।

### सभी शैक्षणिक संस्थानों में तिरंगा गान किया जाएगा

**दमोह।** जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थानों, जिसमें महाविद्यालय सभी प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी विद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, समस्त आईटीआई, समस्त शासकीय तथा अशासकीय विभिन्न बोर्ड के विद्यालय में 8 अगस्त को सुबह प्रार्थना सभा के दौरान तिरंगा गान आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी विद्यार्थी हाथ में तिरंगा लेकर तिरंगा पर आधारित गायन में सहभागिता करेंगे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने नोडल जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए समस्त संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु निर्देशित किया है।

### कमीशन खाकर चुप्पी साधे बैठा विभागीय अमला, जन स्वास्थ्य खतरे में

# मिठाइयों में मिलावट कर जहर बांट रहे मिष्ठान भण्डार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



रक्षाबंधन का पर्व का एक दिन शेष है, माताएं बहने अपने भाइयों को राखी बांधकर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराती है जिस कारण से इस त्यौहार पर सभी घरों में मिठाइयां खरीदी जाती है और दुकानदारों की खूब बिक्री होती है जिससे बढ़ती ग्राहकी का फायदा उठाकर खाद्य सामग्रियों के सौदागर अपना मुनाफा बढ़ाने जमकर मिलावटखोरी कर रहे हैं। नकली तेल, नकली घी, नकली मावा, व नकली मसालों का इस्तेमाल कर मिठाई, नमकीन व अन्य सामग्रियां बनाई जा कर बेची जा रहीं हैं। इन्हें इस बात का कोई खौफ नहीं कि कानून व्यवस्था नाम की भी कोई चीज है। कानून का कोड़ा चलाने वालों को इन्होने बंधुआ बनाकर रख लिया है। गड्डियां सबको मिल रही हैं। मिठाइयों में आकर्षण पैदा करने उनमें प्रतिबंधित कलर मिलाए जा रहे हैं। लोगों का स्वास्थ्य खराब होता है तो होता रहे उनकी बला से।

नगर के कुछ स्वीट्स मिष्ठान भंडार में पाम आयल से मिठाइयां व अन्य नाश्ते के सामान बनाए जा रहे हैं। घटिया तेल से अन्य नमकीन आदि बनाकर बेचे जा रहे हैं। डाक्टरों का मानना है कि इस तेल से किडनी की शिकायत हो सकती है। इसके अलावा केसर, इलाइची, व अन्य सामानों के रासायनिक एसेंस उपयोग में लाए जा रहे हैं। दो कौड़ी की मिठाई सैकड़ों रुपए किलो बेच कर मुनाफा कमाया जा रहा है और लोगों को चूना लगाया जा रहा है। जानकारी तो यह भी मिली है कि दुकानदारों द्वारा बड़ी कंपनियों के नाम का उपयोग कर स्वयं का घटिया प्रोडक्ट बेचा जा रहा है। जिसमें मैन्यूफैक्चर व एक्सपायरी कुछ दर्शित नहीं रहता। अमानक स्तर की खाद्य सामग्रियों का इस्तेमाल कर उन्हे ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। छेना पनीर की बदबू रसायन से साफ कर और मावे की फफूंद को पोंछ कर खोवे की मिठाई के नाम पर भारी भरकम कमाई की जा रही है।

### टॉरगेट पूरा करना काफी है-

जांच के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग और नापतौल विभाग है, इन दोनो का काम जांच पड़ताल करना और रिपोर्टिंग करना है। लेकिन दोनो छुटभइयों के यहां जांच पड़ताल कर अपना विभागीय टारगेट पूरा कर मजे से शहरों में मलाई छानते रहते हैं। नापतौल विभाग को तो कोई जानता ही नहीं है। पेट्रोल पम्पों की जांच व दूकानों की जांच, तराजू बाट आदि की जांच भी इसे ही करना चाहिए, तराजू बाट की जांच करना इसी की जिम्मेदारी है लेकिन कभी जांच पड़ताल नहीं की जाती है।

तहसील मुख्यालय में जितने डेयरी संचालक और मिष्ठान भण्डार संचालित हैं उन सभी का सेम्पल लेना जरूरी है। खाद्य सामग्रियों की नियमित जांच पड़ताल नहीं होने का एक बड़ा कारण विभागीय अमले के आर्थिक समीकरण का होना है।

# रक्षाबंधन पर्व के पूर्व बहन को लेने आ रहे भाई की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा



रक्षाबंधन पर्व से पहले ही मातम मन गया बहन को लेने आ रहे एक भाई की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है सावन का महीना हर भाई बहन के लिए खुशियां लेकर आता है सभी भाई बहन एक दूसरे से रक्षा सूत्र बांधने का बेसब्री से इंतजार करते हैं लेकिन रक्षाबंधन का त्यौहार एक परिवार में मातम में बदल गया दुर्गेश गौड़ अपनी बहन को लेने के लिए तेन्दूखेड़ा के भौपाठा गांव आ रहा था इस दौरान सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई जिसके बाद पूरा परिवार सदमे में हैं बहरहाल तेन्दूखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार तारादेही तेन्दूखेड़ा मार्ग पर स्थित दरौली के पास हनुमान मंदिर के समीप शाम 6 बजे एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से भाग निकला हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही 108 वाहन से डॉ संदीप ठाकुर पायलट नरेश आठ्या और डायल से 100 पायलट चरण सिंह ठाकुर प्रधान आरक्षक केवट प्रधान सैनिक मनोहर सिंह ठाकुर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल पर जांच पड़ताल की जहां बाइक सवार व्यक्ति की पहचान नरसिंहपुर जिले के थाना सुआताल के झिलपुरी ढाना निवासी के रुप में हुई जहां मौके से शव को उठाकर 108 की मदद से स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डाक्टरों द्वारा जांच कर मृत घोषित कर दिया और शव को स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित रखवाया गया जहां सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### बहन को लेने आ रहा था बाइक सवार भाई

घटना की सूचना मिलते ही परिजन स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां बाइक सवार युवक की पूरी पहचान हो सकी जहां मृतक के जीजा भौपाठा निवासी लखन गौड़ ने बताया कि मृतक का नाम दुर्गेश पिता धनश्याम ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी झिलपुरी थाना सुआताल ढाना जिला नरसिंहपुर का जो रक्षाबंधन पर्व के चलते बाइक से अपनी बहन को लेने के लिए भौपाठा गांव आ रहा था लेकिन रास्ते में अज्ञात वाहन टक्कर की टक्कर से मौत हो गई घटना की सूचना लखन द्वारा अपनी सुसराल में दे दी गई है जहां परिजन मौके से निकल चुके हैं पुलिस द्वारा बताया गया है शुक्रवार की सुबह शव का पंचनामा कार्रवाई करते शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और शव परिजनों के सुपुर्द कर अज्ञात वाहन की तलाश की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ घटनास्थल से बाइक सहित मृतक के पास मौके पर दो बोरी खाद यूरिया मिला है जहां पुलिस द्वारा जांच की जा रही है बाइक सवार मृतक युवक अपनी बहन को लेने के लिए आ रहा था या फिर कहीं से खाद खरीदकर ले जा जा रहा था क्योंकि मृतक युवक नरसिंहपुर जिले का निवासी है और उसके पास से दो बोरी खाद यूरिया मिला है जो अपनी बाइक पर ले जा रहा था पुलिस द्वारा सभी पहलू पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## पीएम आवास योजना 2.0 की दी जानकारी




**दमोह।** प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम आई एस एस के अंतर्गत अधिकतम 25 लाख रुपए का होम लोन लेने वाले नागरिकों को जिनकी वार्षिक आय 9 लाख रुपए से कम है। उनको इस योजना के तहत ऋण में अधिकतम 180000 रुपए की सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है । 1 सितंबर 2024 के उपरांत होम लोन लेने वाले नागरिक एवं नवीन होम लोन लेने वाले नागरिक इस योजना में पात्र होंगे। नगरीय क्षेत्र पटेरा में स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा पटेरा के शाखा प्रबंधक, फील्ड ऑफिसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेमसिंह चौहान,उपयंत्री नितिन सांड्या, योजना प्रभारी दानिश खान, राहुल सोनी के द्वारा संयुक्त बैठक कर आम जन को उक्त योजना की जानकारी दी गई एवं लोगों से आव्हान किया कि योजना का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

## तिरंगा गान एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन



**दमोह।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी पी चौधरी के मार्गदर्शन में तिरंगा प्रश्नोत्तरी ,पत्र लेखन, तिरंगा गान कंसर्ट का आयोजन किया गया कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती जया अहिरवार एवं समिति सदस्य श्रीमती अनुभा तिवारी, डॉ उमेश दीपांकर, डॉ अजय सिंह एवं आरती सोनी रही । इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी डॉ एनपी नायक, डॉ अवधेश जैन, डॉ मालती नायक, डॉ अरुणा एम जैन, डॉ राजू प्रसाद अहिरवार एवं समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में ट्रक पलटा

**दमोह।** दमोह जबलपुर रोड पर हथनी तिराहे के पास एक बार फिर रफ्तार के कहर के साथ स्टेरिंग पर आनियंत्रण जैसे हालात देखने को मिले। तेज रफ्तार स्कूटी सवार महिला को बचाने के चक्कर में सामने से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होने के बाद सड़क से उतरकर पलट गया। हादसे में ट्रक को जहां भारी नुकसान हुआ वही स्कूटी सवार मैडम बाल बाल बच गई। स्कूटी से गिरने की वजह से मामूली चोट लगने से उनको 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम के संदर्भ में बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह जबलपुर तरफ से ट्रक क्रमांक 11 जीसी 5293 अपनी रफ्तार से आ रहा था इसी दौरान दमोह तरफ से आ रही एक स्कूटी सवार महिला एकदम से इमलिया मार्ग पर टर्न होने की कोशिश करने लगी। जिनको बचाने के चक्कर में ट्रक चालक ने जैसे ही ब्रेक लगाकर स्टेरिंग मोड़ी वैसे ही ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से उतरकर पलट गया। काल के रूप में नजर आ रहे ट्रक के कुछ कदम की दूरी पर पलटने के साथ स्कूटी सवार महिला भी घबराहट में सड़क पर गिर कर चोटिल हो गई। बाद में लोगों ने 100 डायल और 108 एम्बुलेंस कॉल करके घटना की सूचना दी। स्कूटी सवार महिला की पहचान उप स्वास्थ्य केंद्र जोरतला में पदस्थ सीएचओ श्रीमती शांति पटेल के रूप में हुई है। जो स्कूटी से ड्यूटी पर जा रही थी जिनको मामूली चोट आने पर 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटनाक्रम को देखने वाले लोगों के पलक झपकते रोंगटे खड़े होने जैसे हालात निर्मित हो गए थे प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि यदि एक पल की भी देरी होती तो मैडम भी चपेट में आ जाती तथा स्कूटी के साथ उनकी क्या हालत होती उसकी कल्पना नहीं की जा सकती। हादसे में ट्रक चालक तथा क्लीनर को भी मामूली चोट आई है वही ट्रक का काफी कुछ नुकसान हुआ है।



# यूरिया खाद संकटः किसान सड़कों पर उतरने को हुए मजबूर, 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्रामपुर



तहसील जबेरा के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों यूरिया खाद की भारी किल्लत के चलते किसानों की परेशानी चरम पर पहुँच गई है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि किसान संगठनों ने प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम जारी करते हुए सड़कों पर उतरने की चेतावनी दे दी है। किसानों का कहना है कि यदि आगामी 10 अगस्त तक खाद उपलब्ध नहीं कराई गई, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। जबेरा स्थित बेयर हाउस में इस समय यूरिया खाद का कोई स्टॉक नहीं है, जबकि खरीफ फसल को बचाने के लिए खाद की तत्काल आवश्यकता है। खेतों में फसलें सूखने की कगार पर हैं। किसानों ने गंभीर आरोप लगाया है कि जब पूर्व में बेयर हाउस में खाद उपलब्ध था, तब वहां के प्रबंधक और कर्मचारियों द्वारा खाद सीधे व्यापारियों को बेची गई, न कि वास्तविक किसानों को। व्यापारी अब यही खाद 600 से 700 प्रति बोरी तक में खुलेआम बेच रहे हैं, जबकि इसकी सरकारी दर ₹300 निर्धारित है। चौपरा एवं बनवार क्षेत्र में यह कालाबाजारी सबसे अधिक देखी जा रही है। कई किसान घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ लौट रहे हैं। खेतों में समय पर खाद न मिलने से फसलें खराब हो रही हैं और किसान आर्थिक तंगी के जाल में फँसते जा रहे हैं। किसानों की चार प्रमुख मांगें 72 घंटे के भीतर खाद की आपूर्ति सभी पंजीकृत किसानों को रकबे के अनुसार की जाए। खाद की कालाबाजारी में शामिल बेयर हाउस कर्मचारियों व व्यापारियों पर कठोर कार्यवाही हो। भविष्य में खाद का वितरण केवल पंजीकृत किसानों को किया जाए, व्यापारियों को नहीं। खाद वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और निगरानी तंत्र की स्थापना की जाए। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने स्पष्ट किया है कि यदि 10 अगस्त 2025 तक खाद की आपूर्ति नहीं की गई, तो हजारों किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। आंदोलन की चेतावनी दी है कि आंदोलन की स्थिति में यदि कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## सिंग्रामपुर में जिओ नेटवर्क पूरी तरह ठप, एक सप्ताह से कई हजारों उपभोक्ता परेशान

**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर क्षेत्र के जिओ उपभोक्ता इन दिनों भारी संकट का सामना कर रहे हैं। पिछले सात दिनों से रिलायंस जिओ की सभी सेवाएं — 4G, 5G और जिओ फाइबर पूरी तरह बंद हैं, जिससे मोबाइल नेटवर्क, इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं पर पूरी तरह विराम लग गया है। नेटवर्क ब्लैकआउट से जीवन अस्त-व्यस्त पिछले एक सप्ताह से जिओ की सभी मोबाइल एवं ब्रॉडबैंड सेवाएं ठप हैं कस्टमर केयर से उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही लगातार शिकायतों के बावजूद जिओ कस्टमर केयर से कोई जवाब नहीं मिला है। व्यावसायिक नुकसान ऑनलाइन व्यापार, UPI भुगतान और डिजिटल लेनदेन पूरी तरह ठप हो गया है। छात्रों की ऑनलाइन कक्षाएं, स्टडी मटीरियल और प्रोजेक्ट कार्य भी बाधित हो गए हैं। स्थानीय निवासी मोंटू सेन, जो सिंग्रामपुर में चाय की दुकान चलाते हैं, ने बताया एक हफ्ते से नेटवर्क बंद होने के कारण मेरा काम पूरी तरह प्रभावित हुआ है। ग्राहक UPI से भुगतान नहीं कर पा रहे, और रोज का बिजनेस लगभग 50% तक गिर गया है।



## जिले से बाहर उर्वरक ले जाने पर होगा प्रकरण दर्ज

**दमोह।** जिले की सीमा से उर्वरक बाहर ले जाने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने के निर्देश कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दिए हैं। वर्तमान समय में उर्वरक की मांग और आपूर्ति में को देखते हुए प्रशासन लगातार कार्यवाई में लगा हुआ है। जिले में यूरिया उर्वरक खाद्य का वितरण प्रारंभ है। प्रशासन की पूरी टीम व्यवस्था में लगी हुई है, उड़न दस्ते भी बनाए गए हैं तथा किसी प्रकार की परेशानी किसानों को ना हो सबको खाद मिल सके इसके प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अवैध तरीके से खाद का विक्रय करने वाले लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है, पूर्व में कुछ लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कराये गये थे। कुछ लोगों को जिले की सीमा से बाहर यूरिया की बोरी ले जाते हुए आज पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज करने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा मूंग के संबंध में भी सूचना मिली जिस पर भी कार्रवाई की है। किसी भी प्रकार की अनियमिता एवं उर्वरक के मामले में कालाबाजारी या फिर जिले की सीमा से बाहर ले जाता हुआ कोई पकड़ा जाता है तो उसके विरुद्ध कानून के हिसाब से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि यूरिया वितरण के संबंध में नियम बनाए है, जिनका पालन करना और करवाना सभी की जिम्मेदारी है, सभी किसान भाईयों को पर्याप्त मात्रा में खाद मिल सके इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

## बच्चे मानव श्रृंखला बनाएंगे और ध्वज लेकर के हाथ में खड़े होंगे-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया आज 08 अगस्त को तिरंगा गान की व्यवस्था रखी गई है। इस कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई के सभी छात्र-छात्राएं अपने परिसर में एक निर्धारित समय जो, उनकी प्रार्थना का होता है, उस समय तिरंगा हाथ में लेकर तिरंगा गान गाएंगे। इसके लिए एक गीत भेज रहे हैं और वह गीत निर्धारित स्थलों पर वहां बजेगा। उस गीत के साथ लोग तिरंगा गान करेंगे और तिरंगे को लेकर इसका गायन करेंगे। सभी स्कूलों कॉलेजों और पूरे जिले के अंदर यह तिरंगा गायन होगा। उन्होंने कहा इसी प्रकार 12 अगस्त को एक बड़ा कार्यक्रम किया जा रहा हैं, शहर के अंदर चिन्हित स्कूल हैं, जिसमें नवजागृति स्कूल से लेकर के अग्रवाल पब्लिक स्कूल, उत्कृष्ट स्कूल तक इसमें एक मानव श्रृंखला स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ तैयार कर रहे हैं और यह छात्र-छात्राएं ध्वज लेकर खड़े रहेंगे और सम्मानित जनप्रतिनिधि इसका पूरा अवलोकन करेंगे। उन्होंने कहा एक निर्धारित समय पर दोपहर 3 बजे से 4 बजे के बीच सारे बच्चे स्कूल के बाहर आएंगे, यह पूरी एक मानव श्रृंखला बनाएंगे और ध्वज लेकर के हाथ में खड़े होंगे और इसका अवलोकन सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि करेंगे ।

### 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा , 14 अगस्त को रन फॉर फ्रीडम, 15 अगस्त से होगा शुरू तिरंगा मेला जो 27 अगस्त तक चलेगा-कलेक्टर

# स्वतंत्रता दिवस पर 12 से 16 अगस्त तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में 12 अगस्त को बेलाताल में त्रिमूर्ति पार्क के सामने सुबह 10:30 बजे पार्क में तिरंगा रंगोली बनाई जायेगी, जिसमें महिला बाल विकास विभाग, स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी और अन्य स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी इसके अंतर्गत होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे एक तिरंगा कंसर्ट होगा, जो देशभक्ति के गीतों पर आधारित एक आयोजन होगा, यह पीएमश्री कॉलेज यानी पी.जी कॉलेज में होगा, जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक और सामाजिक संगठन सहभागिता करेंगे और इसमें विद्यार्थी युवा तिरंगा गान करेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया 13 अगस्त को सुबह 09 बजे से तिरंगा यात्रा का एक बड़ा आयोजन तहसील ग्राउंड में होने वाला है, इस परेड में शामिल होने वाले पुलिसकर्मी, छात्र-छात्राएं, एनएसएस, एनसीसी के विद्यार्थी, स्काउट गाइड, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक धार्मिक संगठन, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, महिला मंडल, महिला संगठनों के प्रतिनिधि, जन सहभागिता से जितने भी लोग हो सकेंगे और साथ में खास तौर पर दिव्यांगजन, वृद्धजन, थर्ड जेंडर यानी किन्नर भी शामिल रहेंगे। यह सभी लोग तिरंगा यात्रा का मिलकर ऐसा माहौल बनाएंगे और यह शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई यात्रा निकलेगी। इसी प्रकार की यात्राएं सभी विकास खंड मुख्यालयों पर भी निकाली जा रही हैं और यह इसी समय पर सभी विकास खंड मुख्यालयों पर इस तरह की तिरंगा यात्राएं निकलेंगी, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग सहभागिता करेंगे और जनप्रतिनिधिगण भी सब शामिल होंगे। उन्होंने कहा 14 अगस्त को सुबह 08 बजे से रन फॉर फ्रीडम होगा जो खेल और युवक कल्याण विभाग के सहयोग से होगा और अलग-अलग विभिन्न समाज के वर्ग इसमें शामिल होंगे। एथलीट, खिलाड़ी, युवा लगातार खेल में अग्रणी हैं, ऐसे सभी युवा इसमें शामिल रहेंगे और इसके बाद 15 अगस्त को जो कार्यक्रम होते हैं वह सारे तो रहेंगे ही इसके अलावा तिरंगा मेला शुरू हो जाएगा। इसके लिए 3 स्थान चिन्हित किए हैं, पहला टाउन हॉल, दूसरा एक्सीलेंस स्कूल का मैदान और तीसरा महिला बसती गृह मैदान मॉडल आंगनवाड़ी है, यह यहां की आदर्श आंगनवाड़ी है, जिसके बगल में तिब्बती मेला लगता है। सर्दियों के दिनों में यह तीनों जगह पर तिरंगा मेला लग रहा है तो यहां पर तिरंगा, झंडा और राखी इसके विक्रय के लिए स्टॉल सभी के लिए दिये जा रहे हैं। स्व सहायता समूह या छोटे उद्यमी, जो रक्षाबंधन के त्योहार पर राखी बेचते हैं या तिरंगा झंडा का विक्रय करते हैं, उनको यहां पर स्टॉल प्रदान करेंगे और वह यहां आकर अपनी सामग्री को बेच सकेंगे। इस प्रकार से यह सारी व्यवस्था 7 अगस्त से लेकर 15-16 अगस्त तक के लिए की गई है। यह जो तिरंगा मेला लगेगा, इसमें कृष्ण जन्माष्टमी से संबंधित सामग्री भी बेची जा सकेगी। गणेश उत्सव से संबंधित सामग्री का विक्रय भी किया जा सकेगा। यह आगे आने वाले 27 अगस्त तक मेले चलेंगे। उन्होने कहा यह सारे कार्यक्रम तिरंगा, राखी, तिरंगा गान, मानव श्रृंखला, तिरंगा रांगोली, तिरंगा कंसर्ट, तिरंगा यात्रा, रन फॉर फ्रीडम और तिरंगा मेला यह सारे आयोजन लगातार होने वाले हैं और एक आयोजन कृष्ण जन्माष्टमी पर किया जायेगा जो कलेक्ट्रेट से लगा हुआ परिसर है, उसमें लगभग 200 पौधों का रोपण 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत किया जायेगा। इसमें बालक-बालिकाएं कृष्ण, राधा और सुदामा बनकर उनकी ड्रेस में आएंगे और वह यहां पर वृक्षारोपण करेंगे, उनके माता-पिता आएंगे।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं रामकिशन उम्र 46 वर्ष पिता श्री दशरथ सींग जाति गौंड निवासी घटेरा रोड, मंदिर के पास पटना मानगढ, जिला दमोह (म.प्र.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ:- 01. यह कि मैं घटेरा रोड, मंदिर के पास पटना मानगढ, जिला दमोह (म.प्र.) का स्थायी निवासी हूँ।02. यह कि मेरा आधार कार्ड नंबर 7467 8582 8625 है, जिसमें मेरा नाम रामरतन दर्ज है।03. यह कि जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों एवं परिचय पत्र/वोटर आई.डी. नंबर ZRM 5505813 में मेरा नाम रामकिशन दर्ज है और जो कि सही एवं सत्य है।04. यह कि मैं अपने आधार कार्ड में अपना नाम रामरतन के स्थान पर रामकिशन दर्ज करवाना चाहता हूँ।

**गलत नाम - रामरतन**
**सही नाम - रामकिशन**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं भारती अहिरवाल उम्र 34 वर्ष पति स्व. श्री सेवक अहिरवाल निवासी-ग्राम-रोड़ा तह. पटेरा जिला दमोह (म.प्र.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ:- 01. यह कि मैं ग्राम रोड़ा, तह.-पटेरा जिला दमोह (म.प्र.) की स्थायी निवासी हूँ।02. यह कि मेरा आधार कार्ड नंबर 7453 4895 9002 है, जिसमें मेरा नाम केशर अहिरवाल दर्ज है।03. यह कि जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों एवं परिचय पत्र / वोटर आई.डी. नंबर ZMZ 1271048 में मेरा नाम भारती अहिरवाल दर्ज है और जो कि सही एवं सत्य है। 04. यह कि मैं अपने आधार कार्ड में अपना नाम केशर अहिरवाल के स्थान पर भारती अहिरवाल दर्ज करवाना चाहती हूँ।

**गलत नाम - केशर अहिरवाल**
**सही नाम - भारती अहिरवाल**